Rapid Fire करेंट अफेयर्स (5 जनवरी)

- 4 जनवरी को दुनियाभर में हुआ **विश्व ब्रेल दिवस** का आयोजन; ब्रेल लिपि के जनक फ्रांस के लुई ब्रेल की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है यह दिवस; दृष्टिहीनों के लिखने-पढ़ने के लिये लुई ब्रेल ने विकसित की थी उभरे हुए बिंदुओं वाली अलग लिपि; इसे उनके ही नाम पर ब्रेल लिपि कहा गया; 1824 में बनी इस लिपि को दुनिया के लगभग सभी देशों में मिली है मान्यता
- लोकसभा ने पारित किया आधार और अन्य कानून (संशोधन) विधेयक; नाबालिगों को 18 साल का होने पर अपनी आधार संख्या रद्द करने का विकल्प दिया गया; बैंक खाता खोलने और मोबाइल फोन कनेक्शन जैसी सेवाओं के लिये अनिवार्य नहीं होगा आधार; आधार के उपयोग के लिये तय नियम तोड़ने पर सख्त सज़ा का प्रावधान; आधार धारक की सहमति से ही किया जा सकेगा आधार संख्या का ऑफलाइन सत्यापन; सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कुछ परिवर्तनों के साथ आधार अधिनियम की संवैधानिक वैधता को सही ठहराया था
- कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने दिये राष्ट्रीय उद्यमिता पुरस्कार; इन पुरस्कारों का यह तीसरा संस्करण था; उद्यमशीलता का माहौल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान करने वालों को प्रोत्साहित करना है इन पुरस्कारों का उद्देश्य; इस वर्ष कुल 43 पुरस्कार प्रदान किए गए; 39 पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों के युवा उद्यमियों को मिले; चार पुरस्कार उद्यमशीलता का माहौल बनाने वालों को दिये गए; इन पुरस्कारों का हकदार होने के लिये नामित व्यक्ति की आयु 40 वर्ष से कम होनी चाहिये; उद्यमी पहली पीढ़ी का होना चाहिये और उसके पास व्यापार का 51 फीसदी स्वामित्व होना चाहिये
- आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने शुरू किया शहरी भारत वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण का चौथा संस्करण- 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2019'; 4 से 28 जनवरी, 2019 के दौरान 4237 शहरों और कस्बों में कराया जाएगा यह सर्वेक्षण; इससे पहले 2016, 2017 और 2018 में हो चुके है स्वच्छ सर्वेक्षण; शहरों एवं कस्बों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा की भावना को बढ़ावा देना है स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 का उद्देश्य
- स्वच्छता मंत्रालय ने 'स्वच्छ सुंदर शौचालय' नामक अभियान शुरू किया; एक महीने तक चलने वाले इस अभियान के तहत सभी लोगों को अपने शौचालय पेंट करने और सजाने के लिये प्रोत्साहित किया जाएगा; इस अभियान में पूरे देश की 2.5 लाख ग्राम पंचायतों के ग्रामीण समुदाय होंगे शामिल; ग्रामीण भारत में स्वच्छता कवरेज़ 98 फ़ीसदी से अधिक
- प्रधानमंत्री ने की मोरेह में एकीकृत चेक पोस्ट की शुरुआत; भारत-म्यांमार सीमा पर एकीकृत मोरेह चेक पोस्ट से सीमा शुल्क क्लीयरेंस, विदेशी मुद्रा आदान-प्रदान, आव्रजन क्लीयरेंस इत्यादि में सहायता मिलेगी; दोलाईथाबी बैराज परियोजना की भी हुई शुरुआत
- नई दिल्ली में 27वें विश्व पुस्तक मेले की शुरुआत; **दिव्यांगजनों की पठन आवश्यकताएँ** (Readers With Special Needs) रखी गई है मेले की थीम; थीम के अनुरूप विशेष मंडप में ब्रेल पुस्तकें, स्पर्शनीय पुस्तकें, मूक पुस्तकें और ऑडियो पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं; मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर ने किया उद्घाटन, संयुक्त अरब अमीरात का सदस्य शारजाह है मेले का भागीदार देश; नेशनल बुक ट्रस्ट हर साल प्रगति मैदान में करता है इस मेले का आयोजन
- भारत की दिव्यांग पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा एक पैर के सहारे अंटार्कटिका के सबसे ऊँचे शिखर 'विन्सिन मैसिफ' हिल पर चढ़ने में हुईं सफल; ऐसा करने वाली वह दुनिया की पहली दिव्यांग महिला हैं; इससे पहले दुनिया की छह प्रमुख पर्वत चोटियों पर फतेह हासिल कर विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुकी हैं अरुणिमा सिन्हा
- अमेरिका के 'मदर ऑफ आल बॉम्स' के जवाब में चीन ने बनाया बेहद विनाशकारी बम; गैर-परमाणु हथियारों में अब तक का सबसे शक्तिशाली हथियार बताया; चीन के रक्षा उद्योग से जुड़े NORINCO ने इस बम का किया पहली बार प्रदर्शन; H-6K बॉम्बर एयरक्राफ्ट से इसे गिराने के बाद हुआ भयंकर विस्फोट; अमेरिका के GVU-43/B Massive Ordnance Blast को कहा जाता है 'मदर ऑफ ऑल बॉम्स'
- इल्हान उमर ने अमेरिकी कांग्रेस में हिजाब पहनकर ली शपथ; ऐसा करने वाली वह पहली अमेरिकी-मुस्लिम महिला बनीं; डेमोक्रेटिक पार्टी से चुनी गईं 37 वर्षीय इल्हान 14 साल की उम्र में सोमालिया से एक शरणार्थी के तौर पर अमेरिका आई थीं; अमेरिका में पिछले वर्ष नवंबर में हुए मध्यावधि चुनावों में दो मुस्लिम महिलाओं ने हासिल की थी जीत
- दक्षिण अमेरिका की एंडीज़ पर्वत श्रृंखला में जीव वैज्ञानिकों ने पेड़ पर रहने वाले मेढक की नई प्रजाति खोजी है; यूनिवर्सिटी ऑफ इक्वाडोर के शोधकर्त्ताओं ने इस नई प्रजाति की आनुवंशिक संरचना का अध्ययन करके बताया कि यह पहले मौजूद मेढक परिवार का सदस्य नहीं हैं; अमेरिका की नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज ने 'हाइलोसटिर्स हिलिसि' रखा है भूरे रंग वाले मेढक की इस प्रजाति का नाम